## राज्यपाल ने कहा नागालैंड जनजाति गौरव और अस्मिता से जुड़ा देश का महत्वपूर्ण प्रदेश

### स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने नागालैंड निवासियों से किया संवाद

जयपुर, 1 दिसम्बर। नागालैंड राज्य स्थापना दिवस पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को राजभवन में नागालैण्ड निवासियों से संवाद कर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल ने कहा कि एक दिसम्बर 1963 को भारत के सोलहवें राज्य के रूप में नागालैण्ड अस्तित्व में आया। यह प्रदेश भारतीय संस्कृति के जनजातीय गौरव से जुड़ा प्राकृतिक रूप से समृद्ध राज्य है।

श्री मिश्र ने कहा कि नागालैण्ड पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश, दक्षिण में मणिपुर एवं पश्चिम तथा उत्तर–पश्चिम में असम और पूर्व में म्यांमार (बर्मा) से घिरा सुंदर प्राकृतिक प्रदेश है। उन्होंने कहा कि जनजातीय परम्पराओं से समृद्ध यह प्रदेश भारत की आदिवासी धरोहर को भी अपने में सहेजे हुए हैं। उन्होंने नागालैंड के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी सांस्कृतिक परंपराओं के साथ प्रदर्शनकारी कलाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।

राज्यपाल ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत राज्यों के स्थापना दिवस मनाने का ध्येय यही है कि परस्पर एक प्रदेश दूसरे प्रदेश की संस्कृति से गहरे से जुड़ सके।

राज्यपाल ने इससे पहले संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों का वाचन करवाया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार भी उपस्थित रहे।

———————

## राज्यपाल से एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने की शिष्टाचार मुलाकात

जयपुर, 1 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को राजभवन में एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने मुलाकात की।

एयर ऑफिसर कमांडिंग इन–चीफ साउथ वेस्टर्न एयर कमांड श्री नर्मदेश्वर तिवारी की राज्यपाल से यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को वायुसेना का प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया।

————————




नागालैंड राज्य स्थापना दिवस
दिनांक 01 दिसम्बर, 2023
NAGALAND
ARUNACHAL PRADESH
MON
ASSAM
MOKOKCHUNG
LONGLENG
TUENSANG
WOKHA
NOKLAK
ZUNHEBOTO
KIPHIRE
DIMAPUR
KOHIMA
PHEK
MYANMAR

